سلیکشن پروسیجر سے ایسا ہوتا ہے کہ ایکدم آخرکار جاکر کے ہمیں معلوم ہوتا ہے کہ اس کو ہمیں بھیجنا ہے۔ یہ جانا ہے۔ ابر انڈیا ایک رد زر بعد پلیرز کو کہے گی۔ ہم اگر اسکو جیسے کاروبار کی ٹرم میں جب بات کرتے ہیں۔ بزنس مین کی سنگل ونڈو کلیو یلنس کی بات ہونی چاہیئے۔ کھیل کے بارے میں جب انتر راشٹریہ پرتی یوگیتا میں ہم حصہ لیتے ہیں۔ تو اس کو ذرا ہتھ دیکر کے جیسے ہمارے وی۔ وی۔ آئی۔ پی۔ ٹریٹمنٹ ملتا ہے۔ وی۔ وی۔ آئی۔ پی کے دورے کے سمے پر کر جب راشٹر کے پرتی ندھی کی حیثیت سے باہر جاتے ہیں۔ تو سب ڈیپارٹمنٹ ایک جگہ ہو کر کے۔ اس کو وہ بھاؤنا تیار کرنے کے لیے کہ یہ دیش کیلئے پرتی یوگیتا میں جارہا ہے۔ دیش کے لیے گورو کے لیے۔ وہ ہمیں تیاری کے اندر بھی یہ چیز رہنا چاہیئے۔ صرف پلیرز کو قصوروار کرکے کوئی فائدہ نہیں ہے۔ چونکہ ہمارے دیش میں ہم یہ دیکھتے ہیں۔ سوشلسٹ کنٹریز۔ سی۔ آئی۔ ایس۔ کیوبا اس کے بارے میں نہیں جارہا ہوں۔ ہمارے دیش میں ہی ہم اگر شریشٹھتا چاہتے ہیں۔ تو پہلی بات یہ ہے کہ ہمارے کھیل کا پھیلاؤ چاہیے۔ ایکسپینشن چاہیے۔ ہم کوالٹی گن نہیں لا سکتے۔ ایکسپینشن کے علاوہ لیکن ہم دیکھتے ہیں کہ کھیل کے میدان میں اپنی شریشٹھتا پرمانت کرسکتی ہے ایسی شکتی۔ آج ہم دیکھیں۔ افریقہ کو۔ ٹرینیڈاڈ فیلڈ میں اس کا کیا رزلٹ نکلا۔ جو ویسٹرن کنٹریز ہیں وہاں وہ کالے لوگ جو نیگلیکٹڈ ہیں۔ ان کے اندر یہ بھاؤنا ہمیشہ رہی ہے کہ وہ شریشٹھ بن سکتے ہیں لیکن سماج میں شکشا کے کارن ارتھ نیتی کارن انھیں پیچھے پھینکا گیا ہے۔ دھکیلا گیا ہے صدیوں سے۔ اگر ہم ان کو ٹریننگ دیتے ہیں۔ اگر ان کو کھینچ کر نکال دیتے ہیں۔ انکے اندر وہ بھاؤنا تیار کرتے ہیں تو وہ اپنی شریشٹھتا پرمانت کر سکتے ہیں۔ لمبا رام۔ لیک لمبا رام نہیں ہے۔ ہمارے دیش میں آدی واسیوں کے اندر۔ جن جاتیوں کے اندر گاؤں کے اندر۔ پچھڑے علاقے میں ایسے لوگ ہیں جن کو بہت پرتی کولتا کے اندر زندگی نبھانی پڑتی ہے۔ ہم اسے ہتھ دیکر کے اس ٹیلینٹ کو اگر ہم ڈھونڈ کر نکالتے ہیں۔ اور اس کے بعد ٹرینڈ کرتے ہیں تو ہم کچھ کر سکتے ہیں۔ لیکن ہماری آزادی کے بعد سے تمام دیشوں کی طرح کھیل میں بھی ادھو کنٹری بیوشن ہے۔ ہم کھیل میں کیسے آگے آئیں گے۔ بیان کر دیا کہ دلی میں راشٹریہ اسٹیڈیم ایک نیشنل ہاکی کا بنادیا ہے...

کر کے نیچے کی سطح پر جاکر بلاک لیول پر۔ سب ڈویژن لیول پر۔ جہاں آپ کوئی پرتیبھا ملے گی۔ ان کو ٹریننگ دینے کے لیے ان کو اٹھا کر سطح پر لانے کیلئے آپ کیا کرنے جارہے ہیں۔۔۔

اپ سبھا ادھیکش: شری دائی شواجی۔۔ "مداخلت"۔۔

شری محمد سلیم: میں ختم کرتا ہوں۔ سر ہم ہزاروں وشیوں پر سمے کا یہاں ورچوگ کرتے ہیں۔ اور پھر پوسٹ مارٹم کررہے ہیں۔ اس سے پہلے بھی۔ کھیل میں جانے سے پہلے۔ ہم نے کوشش کیا۔ کئی بار اس وشے کو اٹھانا چاہا۔ لیکن موقع نہیں ملا۔ اب کم سے کم مری ہوئی لاش کو تو پوسٹ مارٹم کرے دیجئے۔ جب زندہ تھی تب تو آپ نے سمے نہیں دیا اس بارے میں بولنے کا "مداخلت"۔۔

اپ سبھا ادھیکش: اب میرے آدیش کو بھی اسپورٹس مین اسپرٹ میں لے لیجئے۔ سہایت کر دیجئے۔

شری محمد سلیم: تو ہماری کھیل کے بارے میں بھی مس پلیس پائیرٹی ہے۔ جو ہمارے گاؤں کے لوگ ہیں جو دوڑتے ہیں بھاگتے ہیں۔ سر جیسا میں نے کہا ویسے کھیل کے بارے میں بھی میڈیا کا جو دیوہار ہوتا ہے۔ ہم کون سے "وقت کی گھنٹی"

اپ سبھا ادھیکش (شری شنکر دیال سنگھ): سلیم صاحب۔ آپ سوال پوچھ لیجئے۔ کافی سمے آپ نے لے لیا ہے۔

شری محمد سلیم: تو کھیل کے ایکسپینشن کے بارے میں سرکار کی کیا نیتی ہے۔ ایسے زیادہ لوگ جن کو کھیلوں کا موقع نہیں ملتا ہے۔ وہ کیسے کھیل میں حصہ لیں گے۔

دوسری بات۔ طریقہ جو اسکول اڈاپٹ کرتا ہے۔ ہمارے دیش میں کتنے پرتیشت بچے اور بچیاں اسکول میں جاتے ہیں۔ یا جن کو اسکول میں جانے کا موقع نہیں ملتا لیکن وہ کھیل کے ذریعے فزیکل کلچر کے ذریعے۔ اپنی پرتیبھا پرماننت کرسکتے ہیں۔ ان کے اندر سے ٹیلینٹ ڈھونڈنے کیلئے ہمارا کیا طور طریقہ ہے۔ آج زیادہ پرتی یوگیتا انٹر اسکول اور انٹر کالج ہوتی ہیں۔ لیکن جیسا ہمارے دوسرے ساتھی نے بھی کہا۔ گاؤں کو بھی ایک یونٹ سمجھتے ہیں۔ بلاک لیول پر سب ڈویژن لیول پر اگر ہم کھیل کی چرچا۔ جو ہمارا انفراسٹرکچر ہمیں بنانا ہیں۔ تو پرتیبھا مل سکتی ہے۔ روپیے کم ہونے کے باوجود بھی جو ہم اسے کچھ بڑے شہروں میں۔ بڑے اسٹیڈیم۔ کچھ بڑے اسپورٹس کے نام پر خرچ کرتے ہیں۔ لیکن اس کو ڈسٹریبیوٹ

کھیل کو پاپولرائز کرتے ہیں۔ ہمارے دیش میں اگر ٹیلی ویژن دیکھیں تو موٹر ریسنگ، ٹینس اب تو کرکٹ بھی میڈیا کا ذریعہ ہے۔ لیکن کرکٹ آج عام ہو گیا ہے۔ یہ غریب دیش ہے۔ جیسا ہم کہتے ہیں۔ روپیہ پیسہ نہیں ہے تو کم اکیوپمنٹ سے۔ اکویپمنٹ سے ہم جو کھیل کھیل سکتے ہیں۔ ہمارے ٹریڈیشنل کھیل کے ساتھ ساتھ اور بھی ایسے بہت سے کھیل ہیں انکو ہم پاپولرائز کر سکتے ہیں۔ ہم فزیکل فٹنس حاصل کر لیتے ہیں۔ ایسے کھیل کے دوارا جہاں کم اکویپمنٹ سے کام ہو سکتا ہے۔ لیکن چرچا زیادہ ہوتی ہے۔ اس کے بعد اگر ہم کسی کھیل میں بھی ان کو ٹرینڈ کرتے ہیں اسکل دیتے ہیں۔ تو وہ شریشٹھتا پرمانت کر سکتے ہیں۔

سر، ویسے کھیل ہمارے دیش کی رگ رگ میں ہے۔ ہمارے گاؤں کے لوگوں کے اندر ہے۔ ہمارے آدی واسیوں کے اندر ہے۔ ان کھیلوں کو ہم زیادہ مہتو نہیں دیتے۔ میڈیا اتھوا پرچار مادھیموں کو کم سے کم اس طرح سے ویوہار کرنا چاہیے تاکہ وہ کھیل کھیلنے والوں کے اندر جوش پیدا کریں۔ جو صحیح چرچا کا وشے ہے۔ جو کم خرچ میں ہو سکتا ہے۔ ایسی چیزوں کے بارے میں ہمیں زیادہ دھیان دینے کی ضرورت ہے۔

... "مداخلت"...

اپ سبھا ادھیکش: بس بس کافی ہے۔

اپ سبھا ادھیکش: چھوڑ دیجیے... "مداخلت"...

نہیں اب آپ چھوڑ دیجیے۔

شری محمد سلیم: ٹریننگ دینے کے سائز جو اسکول اڈاپٹ کرتی ہے۔ اس اسکول میں اگر ہم آئیں گے۔ تو آپ دیکھیں میدان کے بارے میں۔ جو اکویپمنٹ کے بارے میں۔ پیسہ جو خرچ کیا گیا ہے۔ صرف پیسہ الاٹ کرنے سے نہیں ہو گا۔ اس کا درپیوگ ہوتا ہے۔ یا سدپیوگ ہوتا ہے۔ اس بارے میں سرکار کو دھیان رکھنا چاہیے۔

"وقت کی گھنٹی"...

ایک منٹ میں ابھی ختم کرتا ہوں۔ نوجوانوں کی آواز سنیے۔ اب اتنے دنوں بوڑھے لوگ اپنے دیش کو چلا چلا کر اس استھتی میں لے آئے ہیں۔ میں نوجوانوں کی آواز بول رہا ہوں۔ جیسا ہمارے وریشٹھ ساتھی سکندر بخت جی کہہ رہے تھے۔ اپنے کھیل کے تجربے بتا رہے تھے۔ میں بھی اس دیش کے نوجوانوں کی حیثیت سے کہہ رہا ہوں۔ کہ ہمارے یہاں میدان پر فٹبال کھیلنے کے کارن پولیس پکڑ لے جاتی ہے۔ سر ہمارے یہاں کلکتہ شہر میں بریگیڈ پریڈ گراؤنڈ ہے۔ میں جب

اسکول ٹیوں میں پڑھتا تھا۔ اس وقت سے
انوبھو کر بتاتا ہوں ہماری کھیل منتری جی بھی
کلکتہ شہر سے آئی ہیں۔ سر انکے لیے کھیل
میدان نذر کیا ہوا رکھا ہے۔ اور وہاں
جب بچے کھیلتے تھے تو فٹبال کھیلنے سے
زیادہ وہ پولیس کو دیکھتے رہتے تھے کہ کب
پولیس آئے گی اور انہیں کھدیڑ دے گی میدان
سے۔ کیونکہ وہ میدان نذر کیا ہوا تھا۔

اپ سبھا ادھیکش: ڈاکٹر شواجی۔

شری محمد سلیم: تو میں یہ کہتا ہوں۔ ہمارے
دوسرے ساتھی بھی کہے ہیں کہ کھیل کے
بارے میں زیادہ سے زیادہ اتساہ دینے
کے بارے میں چرچا کی گئی ہے۔ میں یہ
پوچھنا چاہتا ہوں کہ پچھلے ایک سال میں کھیل راجیہ
منتری مہودیا نے کھیل کے بارے میں کھیل
کے دفتر میں کتنا سمے دیا ہے۔ وہ اگر تھوڑی
تھوڑی جو کوشش ہے۔ لگن ہے۔ جو دوڑ
بھاگ ہے۔ وہ اپنے نام کو اخبار میں لانے
کی کوشش کے بجائے اپنے دیش کے نام
کو میڈل لسٹ میں لانے کی کوشش کریں
تو بہت اچھا ہوگا۔ دھنیہ واد

"ختم شد"

' DR. YELAMANCHILI SIVAJI (Andhra Prdeash): Sir, the failure in the Barcelona Olympics is not tor the furst time, but it is for the third time since 1980 and it 3a due to the politicisation of the sports activity in this country. I fail to understand what Mr. Buta Singh was having to head the Amateur Athletics Federation of India. Then, how is Mr. Das Munsbi found to be suitable to head the Football Association? I fail to untferstalnd how cycling, almost a private limited body; is headed by one of the senior IAs officers and the Gymnastics Federation is headed by the Chief Secretary of Haryana. For the last twenty-five years, he has been heading that organisation.. Several Chief Ministers came into the organisation and went out of the organisation. But the Chief Secretary continues to head it. I fail to understand how Mr. "Titler" is eligible to head.. .*(Interruptions)*

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN (Tamil Nadu): He is "Tytler" and not "Titler".

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: "Titler" Or "Tytler", whatever it is. Proper nouns can be pronounced in any way. How is Mr. Tytler eligible to head Judo? Then, Wrestling is headed by one Mr. G. S. Munder. He is an IPS officer and happens to be the Director of Industrial Security Force. Hockey is headed by the M.D of Indian Ailines. Archery is headed by an ex-M.P. for the last twelve years. *(Interruptions)* And then Volleyball is headed by Mr. Adityan. *(Interrup-tions)* Since all these organisations are headed by politicians, enough harm has been done for the sports activity in this country. Added to that, Mr. V. C. Shukla, who happens to be from Madhya Pradesh—I do not know what their angularities are in politics—is fuelling the dis-sident activity n sports. He is leading the dissident activity in the sports activity. He is encouraging the dissident activity. *(Interruptions)* I am glad that Mrs. Yay-anthi Natarajan said that Mr. V. C. Shukla is leading the dissident activity everywhere not only in politics but also in sports and elsewhere. *(Interruptions)*

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: I didn't say that.

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: I hope Mr Arjun Singh takes care of ft. No legislation is warranted at all in order to

† [ ]Transliteration in Arabic Script

bring improvement in these organisations. The Government can simply, by an jadministrative order or by an executive order. say that unless these organisations are democratised, they are not eligible to be recognised by the Government. It cap Solve the problem lock, stock and barrel.

The second point I would like to suggest is, let us form an electoral college consisting of the award winners or the national players. You create some quota for them—about seventy per cent of the electoral college may be from those people. Here, you can give certain percentage for the technical officers of the department. not necessarily for the IAS or the IPS officers but the technical officers whO are heading the departments... an uther 5 per cent for the State and Cen-Siui Government nominees and another 5 *iter* cent for the public sector and private sector who are contributing for the welfare of the sports activities. You can to that. If you can do that, I hope that it can be solved. Sir, T would like to add that income tax deduction may be allowed to encourage the sports and I hope that Mr. Arjun Singh will take it up with Dr Manmohan Singh and in spite of what Dr. Manmohan Singh says that there is no free lunch hereafter. T think. he will be more liberal so far as the sports are concerned.

nother aspect I would like to add is at whenever these sports activities or ports events take place, the Doordarshan collects more money in the form of ad-, vertisements. Let at least 50 per cent of the advertisement-revenue go for the encouracement if the sports events or the , organisation that runs them. For these things, I do not see any reason to go in for a legislation A simple executive order will do. I hope Mr. Arjun Singh will take courage not only to curb the diss-dent activities of his colleajnie from Madhya Pradesh but also to take up the matter | with Dr. Manmohan Singh for getting tax reliefs and other things and this is the time to see that politicking in sports is eradicated lock, stock and barrel'. Certain points have been mentioned by Mr. Salve) regard to the Golf Club. Same is the practice in other stadia also at district levels and State levels. The State Government officials are playing havoc with these stadia, with their clubs and their functioning. A lot of illegal activity is going on in varoius Governmental clubs. So I would like to have the indulgence of the Minister in this regard.

श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन (महाराष्ट्र) : महोदय आपका मैं धन्यवाद करना चाहूंगी कि इस बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर आपने मुझे दो शब्द कहने का मौका दिया । बड़े भारी हृदय के साथ मैं इस विषय पर अपने विचार रख रही हूं । देश भर में हताशा की निराशा की और खेद की लहर फैल रही थी जब लोगों को पता चला टी०वी० पर देखा कि बर्सिलोना में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन इतना ठीक नहीं रहा । मैं भी इसमें एक स्पोर्ट वूमन होने की हैसियत से शामिल और शरीक होना चाहूंगी ।

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश) : मान्यवर, मैं आशावादी हूं, निराशावादी नहीं । . . . (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह): बीच में मत बोलिए ।

श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन : जहां तक खेल कूद का ताल्लुक है मैं समझती हूं कि निराशा के घनघोर बादल छाए हुए हैं । मुझे आशा की किरण या लकीर नजर नहीं आती और जैसे अभी गौतम जी में बताया कि वह निराशावादी नहीं हैं मैं भी यही कहना चाहूंगी कि मैं भी उन लोगों में से नहीं हूं जो निराशावादी हैं ।

मैंने यहां जो बहस सुनी एक ही ध्वनि, एक ही आवाज मुझको सुनाई दी कि जैसे पूरी की पूरी जिम्मेदारी सरकार की हो । हमारी यह कोशिश रहती है कि

[श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन]

अगर कहीं भी कमजोरी होती है तो उसमें सरकार के ऊपर आक्षेप लगाते हैं और अपनी जिम्मेदारी से छूट जाते हैं । बहुत कम उम्र से मैंने स्पोर्ट के साथ दिलचस्पी ली है, इससे ताल्लुक रखा हुआ है । ऐसा कहना मुनासिब हो जाएगा कि स्पोर्ट के लिए मैंने अपनी जिंदगी लगा दी थी जैसे बहुत सारे नौजवान खिलाड़ी अपनी जिंदगी लगा देते हैं । मैं समझती हूं कि हम हरएक इंसान की भारत में यह जिम्मेदारी है कि हम देखें कि हमारे देश में खेलकूद कैसे पनपते हैं? सिर्फ सरकार की ओर ऊंगली उठाने से काम नहीं बनेगा । ममता बनर्जी जो बड़ी होनहार मंत्री हैं और जिनको जोन आफ आर्क के नाम से पूरे देश भर में जाना जाता है उनकी तरफ आक्षेप की ऊंगली उठाने से काम नहीं बनेगा । हमारे खिलाड़ियों को बहुत सारी कठिनाइयों और परेशानियों का मुकाबला करना पड़ता है चाहे वह इंटरनेशनल स्टेंडर्ड के खिलाड़ी क्यों न हों। उनको बड़ा कठोर परिश्रम करना पड़ता है मेहनत करनी पड़ती है पसीना बहाना पड़ता है तब जाकर वह इंटरनेशनल स्टेंडर्ड पर पहुंचते हैं । यह मेरी खुशनसीबी रही है कि अलग-अलग क्षेत्र में रह रहे अनेकों खिलाड़ियों से मुझको बात करने का अवसर मिला है । कमलेश मेहता जी, जो टेबिल टेनिस पर अव्वल नम्बर पर हैं और नेशनल चेम्पियन बहुत सालों तक रह चुके हैं- उनसे बम्बई में जब मैं बात कर रही थी तो उन्होंने अपने परेशानियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कोई स्टेट स्पोंसरशिप नहीं मिलती है प्रमोशन नहीं मिलता है और इंटरनेशनल टूर्नामेंट में पार्टीसिपेट करने का जब मौका आता है तो सरकार नकार में ही जवाब देती है।

ये नकारात्मक पालिसीज जो हमारी है, इन्हें हम दूर करें । बहुत सारे लोगों ने बातया कि बार्सिलोना में हमारा खराब प्रदर्शन रहा कि हम ओलंपिक में भाग लेना छोड दें । यह लोग वही लोग हैं जो इस तरह से बात करते हैं, न सिर्फ निराशाजनक बातें फैलाते हैं लेकिन उन को खेल-कूद की ए.बी.सी. भी पता नहीं है । जब तक हम ओलंपिक जैसे खेलों में पार्टिसिपेट नहीं करेंगे तब तक हम अपना स्टेंडर्ड सुधार नहीं पाऐंगे और हमें चाहिए कि जो भी इंटरनेशनल स्पोर्टस मीट्स होती है, टूर्नामेंट्स होते हैं, उसमें हम अपने खिलाडियों को भेजें ।

अनिता सूद बडी अच्छी स्विमर हैं, चैंपियन रह चुकी हैं । एशिया की अव्वल नबर की स्विमर हैं, इंग्लिश चैनल पार कर चुकी हैं । उन्होंने मुझे अपनी परेशानी बताई थी कि दूर-दूर मुझे जाना पडा, कंपनियों के दरवाजे खटखटाने पड़े कि मुझे आवश्यकता है कुछ धन की ताकि मैं इंग्लिश चैनल पार कर सकूं । ऐसे बहुत सारे किस्से मैं आपको बतना चाहती हूं लेकिन समय की पाबन्दी है । इसलिए मैं ज्यादा इसके ऊपर प्रकाश नहीं डाल पाउंगी । चारूलता मयगांवकर का किस्सा मुझे याद आता है नागपुर में । छोटी सी लडकी है । चार फीट दस इंच की भी नहीं है । उसके पांव में शूज तक नहीं हैं और वह मैराथन रनर है और देश के अव्वल मैराथन रनर्स में उनका नाम आता है । उन चारूलता मयगांवकर को जब मैं सरकार के पास लेकर गई कि इनको जांब दीजिए, इनको घर दीजिए, तब उसकी आंखों में आंसू थे, मेरी आंखों में आंसू थे । हम कब तक इस हालत को बर्दास्त करेंगे, ये सवाल आज मैं आपके सामने रखना चाहूंगी ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, बंबई के हालात क्या हैं ? बंबई की निवासी होने के नाते मैं आपको बताना चाहूगी कि कहा जाता है कि बहुत ही प्रीमियर सिटी है कि खेल-कूद में प्रोत्साहन मिलता है । फील्ड और ट्रेक के लिए कोई भी सुविधा वहां पर उपलब्ध नहीं है । दिल्ली में आप देखते हैं तो पता चलता है कि यहां स्टेडियम बहुत बने हुए हैं लेकिन जब बंबई जाऐंगे, एथलीट जो रहते हैं, मैं टेबल टैनिस और बैडमिंटन की बात नहीं कर रही हूं, एथलीट्स जो फील्ड और ट्रैक पर भागते रहते हैं, उनके लिए यूनिवर्सिटी पैवेलियन के सिवा और कोई सुविधा नहीं है, उस बात पर हम जरूर ध्यान दें । इनडोर स्टेडियम की आवश्यकता है बंबई में । दो स्टेडियम वहां पर बने हुए हैं

क्रिकेट के लिए । साल्वे जी ने अभी बताया कि पोलिटिशियंस स्पोर्ट्स में नहीं आने चाहिए । पोलिटिक्स की वजह से ही बंबई में पांच मिनट के अंतर पर दो क्रिकेट स्टेडियम बने हुए हैं । कितना पैसा हम क्रिकेट के ऊपर लगायेंगे, कितनी जाहिरात हम क्रिकेट के ऊपर करेंगे, ये सवाल मैं आज आपके सामने रखना चाहूंगी ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैंने चाहा था कि जब मंत्री महोदया यहां पर अपना स्टेटमेंट दें तो स्पोर्ट्स पालिसी के बारे में अपने विचार और ख्यालात उसमें यहां पर रखें । उन्होंने बीच में हमें एक सर्कुलर भेजा था और पूछा था कि आपकी क्या राय है, किस प्रकार से स्पोर्ट्स पालिसी बनानी चाहिए । मैंने एक बहुत ही लंबा पत्र उनको लिखा है और उसमें अपनी राय दी है । एक-दो सुझाव मैं यहां पर जरूर देना चाहूंगी और अपना छोटा सा वक्तव्य समाप्त करना चाहूंगी ।

जो टी.वी. पर हम समय देते हैं अलग-अलग कार्यक्रमों के लिए, ये मेरा मानना है कि जब तक हम उनके द्वारा स्पोर्ट्स का देश भर में प्रचार नहीं करते हैं और जब तक यह नहीं देखते हैं कि नौजवानों के खून में, उनकी रगों में स्पोर्ट्स बसता है, तब तक हम इंटरनेशनल मीट्स में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाएंगे । कम से कम 25 प्रतिशत समय आप स्पोर्ट्स को दें और जब मैं स्पोर्ट्स की बात करती हूं तो सिर्फ क्रिकेट की बात नहीं करती हूं । लाइव टेलीकास्ट जब हम करते हैं, छोटे-छोटे रणजी टूर्नामेंट भी हम दिखाते हैं लेकिन दूसरे सारे स्पोर्ट्स की क्या हालत है ? टेबल टैनिस है, चैस है, बैडमिंटन है । मैं चाहूंगी कि उनका भी लाइव टैलीकास्ट आप ठीक तरह से करें ।

वीमैन स्पोर्ट्स के बारे में जितना कहो, उतना कम है । बड़ी दुर्दशा है, बड़ी दुर्बलता की गई है वीमैन स्पोर्ट्स की । आपका बजट सीमित है, केंद्र सरकार का स्पोर्ट्स के लिए बजट सीमित है, राज्य सरकारों का स्पोर्टस के लिए बजट सीमित है फिर भी मैं चाहूंगी कि आप उसमें से 85 प्रतिशत धन और राशि महिलाओं के स्पोर्ट्स के लिए रखें । 85 प्रतिशत हमारी आबादी महिलाओं की है और अगर महिलायें विकास के रास्ते पर आगे बढ़ती हैं चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो, चाहे खेल-कूद का क्षेत्र हो, तो समझ लीजिए कि पूरा देश विकास के रास्ते पर जाएगा ।

आखिर में मैं एक सुझाव देना चाहूंगी और अपना वक्तव्य समाप्त करना चाहूंगी मैं कहना चाहूंगी कि स्पोर्ट्स और योगा का बहुत ही नजदीक का संबंध है, ताल्लुक है ।

हम बातें तो बड़ी-बड़ी करते हैं कि हमारे देश का अध्यात्म के विकास की ओर हमेंशा से ध्यान लगा हुआ है, उसको जो पूंजी है, विरासत है वह अध्यात्म की है । जहां तक योगा का सवाल है स्पोर्ट्स में इसका बहुत ही खूबसूरत रीति से उपयोग किया जा सकता है । पाश्चात्य देशों में योगा के माध्यम से उनकी परफार्मेंस में बहुत ही सुधार हुए हैं । उसमें ड्रग्स लेने की आवश्यकता नहीं है । आवश्यकता इस बात की है कि योगा के माध्यम से चा वह मैडिटेशन के रूप में हो या आसनों के रूप में हो, अगर खिलाड़ियों को ठीक तरह से स्पोर्ट्स में प्रोत्साहन देना है तो योगा को स्कूलों और कालेजों में कंपलसरी करना होगा । जयहिंद ।

SHRI DAVID LEDGER (Assam): Mr. Vice-Chairman, Sir, the hon. Minister of State for Sports, Kum. Mamta Banerjee, has said in the statement that although the performance of the Indian contingent in the Barcelona Olympics has remained disappointing there is no reason to be despondent. I can appreciate the spirit behind such a statement. When the second largest country in the world, the second most populous country in the, world fails to win a medal in the Olympio games while a small country like Cuba goes on to win 7 gold medals out of 12

[Shri David Ledger]

in Boxing, when the names of tiny Surinam and famished Ethiopia and even Kenya feature in the Medals Tally, there is definitely reason for concern and the people of this country are entitled to react in the manner in which they have. But when we come to think of it, the results of the Barcelona Olympics are hardly surprising because we are so used to coming back empty handed from the Olympic games. In fact, we have been coming back empty handed from the Oympic games for the last hrete successive times. This is not the first time. Sir, those who keep track of the Olympic games are busy today analysing the reasons for the debacle of the Indian players in the Barcelona Olympics. Some say that winning a medal i_s not important, participation is important. I personally consider such a theory as totally preposterous. Sir, Olympics is not an ordinary game, it is not a trial game. When you go to participate in the Olympics you have to be not only good but you have to be among the best. Participation for the sake of participation is not good enough. What is required in the Olympics is excellence. The (highest standards of excellence. Sadly enough, the members of the Indian con tangent in the last Olympics or any other Olympics prior to that have failed to achieve this standard of execellence. I feel that one basic reason for the poor performance of the Indian players in the Olympic games is that most of the players are amateurs. There are very-few professionals. Incidentally, the best performance in the Olympics came from Ramesh Krishnan and Leander Paes in Tennis, who are thorough professionals. They managed to reach the quarter finals. Being professionals they have greater discipline, they have greater commitment, and above all, they have the killer's imstinct which the amateurs don't have. Today, I would like to say that there is a greater need to produce more and more professionals in the arena of sports in our country. Both the Ministers are present in the House. I hope they will give due importance to it. There are allegations that we don't have a proper system; we don't have a proper mechanism; we lack the necessary infrastructure; there is lack of sufficient funds. The Minister of State who is present here, was lamenting the other day in this House itself that the Government is giving only Rs. 40 crores to sports every year. They are giving Rs. 200 crores for the entire Five Year Plan. That means Rs. 40 crores per year. When you compare this amount of Rs. 40 crores with the amount which other countries are giving' to sports, it is peanuts. I would like to conclude by saying that unless sufficient money is provided, unless sufficient money is raised for sports in this country, it will be impossible to evolve a proper mechanism and a system to provide the necessary infrastructure to train our sportspersons and to motivate them, to infuse into them the much needed motivation so that they can go on to win medals for this country,

SHRI BHUBANESHWAR KALITA (Assam): Mr. Vice-Chairman, Sir, at the first instance, I thank you for giving me this opportunity to take part in this Calling Attention Motion. Most of the points have been raised by the hon. Members and most of them have been discussed. Very few points remain to be raised in this House. Instead of our answering the points raised by us. since the Ministers are in the best knov. of things I would be glad if the Minister reacts in totality, in complete form. The disappointment at the poor performance of the Indian contingent in the Olympics is nothing new. In fact, for the last 12 years, India has not won a single medal in the international arena. In this way we cannot become a major sports power in Asia, leave alone the world. This is a very unfortunate 'situation for a nation of 800 million. This major disaster happens every time we participate in the international arena of sports and after every such occasion criticisms are hurled against the Government because the Government is supposed to be the most convenient scapegoat. We blame the Government for almost everything under the sun although the story is different. There are sports associations. There are sports bodies., sports associations for every sport in this country and these sports are mainly controlled by privatet

blaming each other or making the bodies. Therefore, there is no use Government a scapegoat. What we really need to look into is what the Government and all those who are concerned about sports should do.

Sir, we see and we notice a lack of seriousness, it may be on the part of the sportsmen, it may be on the part of the Government or the sports officials. But there is a lack of seriousness and that is the truth. In Barcelona Olympics we have seen two types of participants. There were participants who went to Barcelona to win medals with all seriousness and there were countries who participated for the fun of participating and unfortunately we come under the second category. Sir, the Members have already said that it is not only finance and other things which are of much concern. We have examples where some of the runners up are from very poor countries, poorer than ours. There were bare-foot runners. There are countries like Cuba who came in the upper side of medal winners. We know what the situation in Cuba is. So it is another thing that we don't lack in those things. What we lack in is seriousness. The second thing is the lack of preparation. We see that training, selection and other things are made just four or six months before the Olympics. The time we need to spend on preparing our team, we spend it on other things. We prepare our team only six months before the Olympics. Threfore, this is aother reason as to why there was a poor performance by our participants in Barcelona. I want to say one thing about the officials.. We don't see seriousness among the officials also. Reports have appeared in various magazines and newspapers that the officials , were fighting for T-shirts and a place in the front row in the march-past. That is very unfortunate, Sir, we spend a lot of money on sports.

Money is spent not only by the Central Government but also by the State Governments. It is spent by the sports bodies, both public and private, and also by the general public who participate as spectors .:. (Fnterrupfions).

SHRI V. GOPALSAMY: Not a lot of money. We are spending a very meagre amount.

SHRI BHUBANESWAR KALITA: I am not talking of the Government *money.* What Mr. Gopalsamy says is about the Government money... *(.Interruptions)*

SHRI V. GOPALSAMY: All put together, it is not at all comparable with other countries.

SHRI BHUBANESWAR KALITA: As I told you, there are countries who spend even less than this, but have won medals So the Government must select its priorities and concentrate on some events where we can win medals. Again, why Mame the sportspersons alone? We all know what sort of treatment the sports-persons who participate in these events get from the time of selection, training and participation in the Olympics. Sir, we bring coaches from outside the country. We spend a considerable amount of money on coaches. But one thing, how much time do they utilise *to* impart coaching to the players? I know about one game, badminton. We have brought one coach from China. Out of one-and-a-half years of his stay here in India, he has imparted coaching only for 45 days. Then, what is the meaning of keeping him for one-and-a-half years? I personally saw, when _this coaching was being given, the players were playing badminton and the coach was playing videogames. Sir. I agree with the Minister that there is no cause to be despondent. But there has to be a serious concern from those who are responsible. We have to bring seriousness at all levels. Therefore, may I suggest a few things to the hon. Minister? Will the Government consider setting up a body like the All India Council' for Sports, which was started by the architect of modern India, Jawaharlal Nehru, so that sportspersons of eminence would advise the Government? Also, will the Government encourage private bodies to adopt and train sportspersons in academies like the Tata Football Academy or the Amritsar Britannia Tennis Academy and others? With these words, I thank you, Sir.

श्री सिकन्दर बख्त (मध्य प्रदेश): सदर साहिब, मैं सिर्फ एक जुमला कह कर खत्म करूंगा, साल्वे साहब ने जो कुछ गोल्फ के बारे में कहा है, मैं अपने आपको इसके साथ एसोसिएट करता हूं।

شری سکندر بخت "مدھیہ پردیش":
صدر صاحب میں صرف ایک جملہ کہہ کر ختم
کروں گا سالوے صاحب نے جو کچھ گولف
کے بارے میں کہا ہے میں اپنے آپ کو اس کے
ساتھ ایسوسی ایٹ کرتا ہوں۔

श्री गुफरान आजम (मध्य प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे देश वासियों की अजीज मेंटिलिटी है। हम हार को बर्दास्त नहीं कर सकते। जब भी हम, चाहें ओलम्पिक्स हो, चाहे एशियन गेम्स हों या किसी भी गेम में हम हारते हैं तो हम बड़ी चर्चा करते हैं, हमें बड़ा जोश आता है। जनता को भी, हमारे देश के कद्रदानों को भी और हमारे आनरेबल मेंबर्स आफ पार्लियामेंट्स को भी। लेकिन यह जोश सिर्फ चार दिन रहता है। मैंने देखा है कि उसके बाद फिर जोश तब आता है जब हम दुबारा हारते हैं, उससे पहले किसी को नहीं आता। यहां बड़ी चर्चा हुई कि फैडरेशन जिम्मेदार है, कोई कहता है ब्यूरोक्रेट्स जिम्मेदार है, कोई कहता है कि पोलिटीशियंस जिम्मेदार हैं। लेकिन इसके लिए आप और हम सब जिम्मेदार हैं। अपनी गिरेवान में मुंह डालकर देखें तो हम सब अपने आपको दोषी पायेंगे। मैं सिर्फ एक बात पूछना चाहता हूं कि। यह बतलाइए आपमें से कितने ऐसे लोग हैं जो ईमानदारी से अपने लड़कों को स्पोर्टसमैन बनाना चाहते हैं, या बनाने की कोशिश करते हैं? 80–86 करोड में से इस देश में सिर्फ 5 हजार स्पोर्ट्समैन हैं। कौन प्रोत्साहित करता है आजकल खेलने के लिए, कोई नहीं करता है। मैंने देखा है कि ओलम्पियन्स के लड़के भी, मैं अपने को हाकी तक सीमित रखता हूं क्योंकि हाकी में मेरा ज्यादा इंटरेस्ट रहा है। जो ओलम्पियन हो गए मैंने उनसे पूछा कि तुम्हारा लड़का अच्छा है, उसकी अच्छी फिजिक है, उसको हाकी क्यों नहीं खिलाते लेकिन नहीं खिलाते हैं। जो खेलकर रिटायर हुआ, मैंने सारे कप्तानों से बात की, हमारे यहां जो हाकी के कप्तान हुए, अजीतपाल से लेकर जफर इकबाल तक, उनसे कहा कि भई आप लोग इसमें इंटरेस्ट क्यों नहीं लेते। कोचिंग हो रही है आप जाकर मैदान में देखिए कि कैसी कोचिंग हो रही है, थोड़ा इसमें इटरेस्ट लें, लेकिन वे जैसे ही रिटायर हुए घरों में बैठ जाते हैं। कोई उसमें इटरेस्ट नही लेता, प्लेयर बनाने की कोशिश नहीं करता प्लेयर इतनी आसानी से तो नहीं बनते जितना आसानी से हम यहां डिसक्शन कर लेते हैं। इसके लिए डेडीकेशन चाहिए, डिडीकेशन चाहिए, लेकिन यह कोई देने के लिए तैयार नहीं हैं। एक दूसरे पर हम आरोप लगा रहे हैं। मुझे यह बतालाइए कि इसमें फैडरेशन की कहां जिम्मेदारी है? फैडरेशन का काम क्या है। उसका काम यह है कि थ्रू-आउट कन्ट्री नेशनल गेम हों और उसके बाद जितने टूर्नामेंट हों वहां जितने अच्छे प्लेयर देखें उनको बुलायें और जो उनको बेस्ट लड़के मिलें, बैस्ट प्लेयर मिलें उनका सलेक्शन करके कोच के हवाले कर दें और कोच उनको ट्रेनिग दें। लड़के जितना उनका गेम है उतना ही खेलेंगे। ऐसा कोई इंजेक्शन ईजाद नहीं हुआ कि लगा दो और वे खेलने लगेंगे। जितनी उनकी गेम है, जितना उन्होंने सीखा है, उतना ही वे खेलते हैं। . . (व्यवधान . . .)

तो मैं यह कह रहा था कि इसकी जिम्मेदारी स्टेट गवर्नमेंट्स की है। देखिए, बेसिक, जो बुनियाद है वह है स्कूल। फैडरेशन बुनियाद नहीं है। फैडरेशन की यह जिम्मेदारी नहीं है, यह जिम्मेदारी है स्कूलों की। आप यह देखिए कि कितने ऐसे स्कूल देश में हैं, जिनके पास ग्राउंड्स हैं। हर स्कूल में, मैंने देखा कि आपका आन पेपर, दिखाने के लिए पी.टी.आई. हैं, यह दिखाने के लिए कि स्पोर्ट्स में दिलचस्पी ली जा रही है

† [ ] Transliteartion in Arabic Script.

इसके लिए उन्होंने एक एक पी०टी०आई० नियुक्त कर दिया । लेकिन वहां पी०टी० आई. तो मौजूद है लेकिन खेलने के लिए ग्राउन्ड नहीं है । तो वह किस जगह उनको खिलाएगा । आन पेपर आपने कहा है कि पी०टी० आई० है । आन पेपर कहते हैं कि स्कूलों में कम्पीटीशन होता है । कंपीटीशन के मामले में हमने यह देखा, फिर एक्जांपल हाकी का है कि हर स्कूल कंपीटीशन में पार्टिसिपेट करेगा लेकिन किसी भी स्कूल का 500, हजार या दो हजार से ज्यादा बजट ही नहीं है । हाकी की स्टिक आती है 300 रुपए या 200 रुपए की, बाल आती है 150 रुपए की । हाकी खासतौर पर इस कंट्री के मिडिल क्लास फैमिली के लडके खलते हैं । यह बेसिक चीज जो बुनियाद है हाकी की वह यह है । जब वहां से बच्चों को स्टिक ही नहीं मिल रही है, खेलने के लिए ग्राउन्ड भी नहीं है तो वह कैसे खेलेगा ? अब टोटल हाकी इण्डिया की क्या है, यह भी सुन लीजिए । जिस स्कूल का जब कम्पीटीशन हुआ तो पी० टी०आई० ने कहा कि यह स्कूल पार्टिसिपेट नहीं करेगा तो मुझ से पूछा जाएगा । तो उन्होंने बच्चों से कहा कि तुम लोग फलां तारीख को फलां ग्राउन्ड पर पहुंच जाओ, तुम्हारा मैच है । चपरासी ने हाकियां साइकिल पर रखीं और ग्राउन्ड पर पहुंच गया । वहां पर बच्चों को हाकियां दे दी गईं । मैच होने के बाद सब हाकियां बच्चों से वापिस ले ली गईं । (समय की घंटी) साहब यह तो इतना इम्पोर्टेंट है, आप टोकेंगे तो (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : यह इम्पोर्टेंट है लेकिन समय सब से ज्यादा इम्पोर्टेंट है ।

श्री गुफराम आज़म : मैं हाकी की बात इसलिए कर रहा हूं कि हमें अगर गोल्ड मेडल मिलने की अभी भी संभावना है तो वह हाकी से ही मिल सकता है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : गुफराम आज़म साहब आप मेरी बात सुनिये । (व्यवधान)

श्री अजीत जोगी : उपसभाध्यक्ष जी, यह वाइस प्रेजीडेंट हैं इनको बोलने दीजिए (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : मैं अच्छी तरह से जानता हूं लेकिन मेरा यह कहना है कि इसमें समय मुकर्रर रहता है । पांच मिनट के अन्दर आपको सवाल पूछने हैं ।

श्री गुफराम आज़म : मैं यह कह रहा था कि वहां से हाकी शुरू होती है । फिर होते हैं इंटर स्कूल्ज । इंटर स्कूल्ज में दो रोज बच्चे हाकी खेलते हैं फिर वहां से हो जाते हैं आल इंडिया स्कूल्ज के लिए जिसमें से उनकी टीम बनती है । अब आप मध्य प्रदेश को एक्जाम्पल के लिए ले लीजिए । स्कूल में पांच सात रोज प्रेक्टिस करेंगे । वहां से आल इंडिया कम्पीटीशन में चले गये । स्कूल लेवल पर इतनी ही हाकी हमारे यहां खिलाड़ी खेलते हैं । कालेज लेवल पर थोड़ी ज्यादा है । कहीं कहीं कालेज में ग्राउंड हैं वरन मेजोरिटी आफ कालेजेज के पास ग्राउंड भी नहीं हैं । वहां से चले जाते हैं इंटर यूनिवर्सिटी कम्पीटीशंस में । फिर आ जाते हैं कम्बाइंड यूनीवर्सिटी में । तो एक साल में दो महीने खेलने के बाद कम्बाइंड यूनीवर्सिटी टीम बन जाती है । जब आल इंडिया सेलेक्शन कमेटी की मीटिंग होती है तो कम्बाइंड यूनिवर्सिटी टीम में से चार लड़कों को ले लिया । यह तो आपका स्टेंडर्ड रह गया है । इसकी जिम्मेदारी किसी फेडरेशन की, सरकार की, किसी की नहीं है । इस देश के नागरिकों की जिम्मेदारी है । कोई भी अपने बच्चे को प्लेयर बनाने में इंट्रेस्टेड नहीं है । मैं कोई अपनी बड़ाई नहीं कर रहा हूं । मैं अपने सात साल के बच्चे में इंट्रेस्ट लेता हूं और मैं चेलेंज करता हूं कि मैं इंडिया की ओर से उसको खिला कर दिखाऊंगा । मेरी बीवी भी इंट्रेस्ट लेती है । बच्चा चाहता है कि वह वीडियो गेम देखे यह फेक्ट है वह चाहता है वीडियो गेम देखना, सुबह का टी०वी० देखना चाहता है लेकिन हम उसको यह नहीं देखने देते हैं । हम यह कहते हैं

[श्री गुफरान आजम]

हैं कि तुम्हें ग्राउंड पर जाना है । जब तक इस देश के सारे लोग ईमानदारी से इंट्रेस्ट नहीं लेंगे तो किसी भी हालत में... (व्यवधान)

श्री भुवनेश चतुर्वेदी (राजस्थान) : उसको आप एम०पी० बनवा देना (व्यवधान)

श्री गुफरान आजम : एम०पी० बाद में बन जाएगा । अब सवाल यह है कि सरकार को थोड़ा सा मैं कहना चाहता हूं । कुछ बातें जो मैंने मार्क की हैं जो गलतियां स्पोर्ट्स अथार्टी में हैं स्पोर्ट्स मिनिस्ट्री में हैं मैं यह चाहता हूं कि आप उन गलतियों को दूर करें । देखिये हम चाहते हैं कि हमारा कोच हो, नेशनल कोच हमारी च्वाइस का हो जो हमारे कहने से टीम को कोच करे । हम पर एस०ए०आई० का नेशनल कोच थोप देते हैं । मैंने एक दफा यह कहा कि उधम सिंह को नेशनल कोच बना दिया जाए वह हमारी टीम को कोच करेगा । एस०ए०आई० ने कहा कि वह नेशनल कोच इसलिए नहीं हो सकता क्योंकि उसकी पीठ पर एन०आई०एस० का ठप्पा नहीं है । जो आदमी देश के लिए चार गोल्ड मेडल ले कर आया है जिसके शागिर्दों के शागिर्द सिर्फ कुछ दिन कोर्स करने के बाद एन०आई०एस० हो गये उनको तो कोच बनाने के लिए सरकार तैयार है लेकिन उधम सिंह को कोच बनाने के लिए तैयार नहीं है । आप को याद होगा कि इस टीम के साथ बार्सिलोना में मेनेजर हो कर मैं जा रहा था लेकिन मैंने रिफ्यूज कर दिया । मेरे रिफ्यूज करने की वजह यह थी कि मैं कोच से एग्री नहीं करता । टोटल हाकी आज तक मेरी समझ में नहीं आई । उन्होंने हाकी इन टोटल कर दी । एस०ए०आई० हम पर कब थोप देती है । कुछ चीजें ऐसी हैं जिनकी फेडरेशन की जिम्मेदारी है उसकी जिम्मेदारी आप पूरी फेडरेशन को दीजिए । कोच साहब ने कहा कि मैं एक्सपेरीमेंट करना चाहता हूं टोटल हाकी । उन्होंने एक्सपेरीमेंट में हाकी का नाश कर दिया । हम कुछ बोल नहीं सकते हैं । हम अफ्वाइटेड नहीं हैं । हमसे कोई वास्ता नहीं है । आप उनको पे देते हैं इसलिए वह आपकी बात मानता है । हमारी बात कोई नहीं मानेगा फेडरेशन की बात नहीं मानेगा और जवाबदार फेडरेशन है । तो कुछ जगहें ऐसी हैं जहां आपको गम्भीरता से सोचना चाहिए । फेडरेशन के लोगों से बात करनी चाहिए कि उनकी क्या समस्यायें हैं उनसे पूछकर और सारी बातें अपनी नोलिज में लाने के बाद क्या हमने कोई ब्लू प्रिंट बनाया है ? हम कैसे सुधारना चाहते हैं । पूछो तो, मिलो तो, बुलाओ तो यह तो कुछ होता नहीं । उपसभाध्यक्ष महोदय, आप बार-बार घंटी बजा रहे हैं । इसके लिए तो मुझे आधा घंटा चाहिए । अगर मंत्री जी कहें तो मैं उनके चैम्बर में जाकर उनको पूरी स्कीम समझने को तैयार हूं । धन्यवाद ।

श्री दिग्विजय सिंह (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, आज जब इस राज्य सभा में हम सारे लोग बैठकर बार्सिलोना ओलंपिक के बारे में चर्चा कर रहे हैं तो उसका सिर्फ एक ही मतलब है कि यह देश सबसे ज्यादा निराश हुआ है । खेल को खेल भावना से जोड देना, कहना तो बहुत आसान होता है लेकिन 15 दिन तक लगातार बार्सिलोना में रात के दो बजे तक लोग जग जग कर टेलीविजन देखते रहे इस उम्मीद में कि कहीं हमारा देश एक मैडल पाएगा, कोई उम्मीद दिखेगी । हम हर बार निराश होकर आज 15 दिन के बाद संसद में इस बात की चर्चा कर रहे हैं तो उसका सिर्फ एक मतलब है कि पूरा देश आज इस बार्सिलोना से निराश हुआ है । इसलिए, उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी के बयान के बारे में चर्चा करना चाहूंगा ।

इस बयान में कहा गया है कि सिर्फ शूटिंग, आर्चरी और हाकी ये खेल की तीन ऐसी जगहें थीं जहां हमें पदक की कोई उम्मीद थी । दो बातों की चर्चा हो चुकी है, हाकी और आर्चरी की, मैं अपने को सिर्फ शूटिंग तक सीमित रखूंगा । शूटिंग

एक कम्पटीशन है कि जिसमें आज दुनिया में सबसे ज्यादा गोल्ड मैडल्स की तालिका जुड़ी हुई है और शूटिंग में यहां पर एक एसोसिएशन है, नेशनल राइफल एसोसिएशन आफ इंडिया जो उसकी देखभाल करती है जिसके तहत शूटिंग कंपटीशन्स यहां प्रमोट हो रहे हैं। मैं जानना चाहता हूं कि पिछले वर्षों में क्या नेशनल राइफल एसोसिएशन आफ इंडिया को एक भी आर्म खरीदने की इजाजत भारत सरकार की तरफ से मिली है या नहीं मिली है । मैं इसी सदन में एक बार माननीय अर्जुन सिंह जी से निवेदन कर रहा था कि पिछले पांच वर्षों से हमने कारतूसों के लिए दरख्वास्त दे रखी है आपके विभाग में, आज तक उस पर भारत सरकार यह फैसला नहीं कर पाई है कि कामर्स मिनिस्ट्री में उसे भेजा जाए या नहीं भेजा जाए ।

श्री गुफरान आजम : मैंने भी दरख्वास्त दी थी तो मुझे 15 कारतूस दिए । ये 15 कारतूस आप ले लीजिए ।

श्री दिग्विजय सिंह : मैं यह अर्ज कर रहा था कि आखिर सरकार किस सीमा तक फैडरेशन को मदद करने के लिए तैयार है । आज से एक दिन पहले खेल मंत्री ने लोक सभा में देश को बता दिया कि हम क्या करें सिलेक्शन तो सिर्फ फैडरेशन वाले करते हैं । मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या भारत सरकार के प्रतिनिधि वहां पर नहीं होते हैं ? क्या भारत सरकार ने तय नहीं कर दिया है कि अर्जुन अवार्डी उस कमेटी का मैम्बर होगा ? खेल में जीते तो मंत्री जी यहां वाहीवाही लें, खेल हार जाए तो कहा जाए कि फैडरेशन गलत करती है । राजनीति को जोड़ने का काम पिछले कुछ वर्षों से यहां की फैडरेशन के साथ हुआ इससे मैं इन्कार नहीं करता । मैं स्वय दो बार ओलंपिक एसोसिएशन की मिटिंग में गया और दोनों बार--अभी जो आदित्यन साहब जहां अध्यक्ष बने वहां भी मारपीट हुई, उससे पहले कालीकट में एक ओलम्पिक एसोसिएशन की बैठक हुई वहां भी मारपीट हुई । जहां हम इस शर्म के साथ अपने खेल अध्यक्षों का चयन कर रहे हैं ... **(व्यवधान)** जहां खेल का सबसे बड़ा संगठन इस कायदे से चुना जा रहा है वहां के खेल के बारे में क्या कहें, इसका जिक्र करना आज मैं मुनासिब नहीं समझता हूं । आज तो सिर्फ सरकार से यही गुजारिश करना चाहता हूं कि क्या सरकार सचमुच इस देश में खेल को आगे बढ़ाने के लिए सचेत है या नहीं ।

एक बात में मैं साल्वे साहब से बिल्कुल सहमत हूं कि यह कोई राजनीति का मामला नहीं है । सरकार में आप भी रहेंगे, सरकार में हम भी रहे हैं, सरकार दूसरे लोग भी चला रहे हैं । खेल अपनी जगह पर मौजूद है । मगर एक बात तय होनी चाहिए कि क्या इस देश में वही सोच विचार चलता रहेगा, जिसका जिक्र गुफरान आजम साहब कर रहे थे ।

